मैसर्स कोठारी कैमिकल्स, कानपुर के नाम बकाया उत्पादन शुल्क की राशि

2209. **श्री (मौलाना) अतरारुल हक**: क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मैसर्स कोठारी कैमिकल्स कानपुर द्वारा निर्मित पान मसाले के लिये इस कम्पनी ने गत तीन वर्षों के दौरान महीने-वार, कितना-कितना केन्द्रीय उत्पादन शुल्क जमा कराया;

(ख) क्या केन्द्रीय उत्पाद शुल्क विभाग ने इस तथ्य को जांच की हैं कि उक्त कम्पनी ने केन्द्रीय उत्पाद शुल्क की जो राशि जमा करायी है वह इस कम्पनी द्वारा वास्तव में तैयार किये गये माल की तुलना में बहुत मामूली है; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जानर्दन पुजारी): (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और वह सभा-पटल पर रख दी जाएगी।

मैसर्स कोठारी कैमिकल्स, कानपुर से आयकर की वसूली

2210. **श्री मौलाना अतरारुल हक**: क्या **वित्त** मंत्री यह बतने की कृपा करेंगे कि :

(क) पान मसाला तैयार करने वाली कंपनी मैसर्स कोठारी कैमिकल्स कानपुर (उत्तर प्रदेश) ने 1982-83 वर्ष के दौरान कितना आयकर अदा किया;

(ख) उक्त वर्ष की देनदारी के अतिरिक्त 1983-84 और 1984-85 के वर्षों के लिए इस कंपनी की आयकर की कितनी देनदारी है;

(ग) इस कंपनी के नाम आयकर के रूप में अब तक कितनी राशि बकाया हैं; और

(घ) सरकार ने इस राशि की वसूली के लिये क्या कदम उठाये हैं?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जनार्दन पुजारी) (क) 9.09 लाख रु०।

(ख) कर निर्धारण की तरफ 1983-84 और 1984-85 कर निर्धारण वर्षों के संबंध में क्रमश 2.47 लाख रु० और 19.66 लाख रु० की माँगे जारी की गई थीं।

(ग) कुछ नहीं।

(घ) उपर्युक्त भाग (ग) के उत्तर को देखते हुए यह प्रश्न नहीं उठता।

Sale of Shares to Non-Resident Indians

2211. SHRI DHULESHWAR MEENA: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether the Reserve Bank of India has laid down new norms on sale of shares by non-resident Indians;

(b) if so, what are the details thereof;

(c) what is the estimated amount involved in these shares at present held by NRIs as per information available with the Reserve Bank of India; and

(d) how far there is an improvement on the existing procedure?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI JANARDHAN POOJARY): (a) to (d) Information is being collected and will be laid on the Table of the House.